हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार 1 मार्च 2026

13 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शिक्षा में एआई के पहलुओं...



14 दिन-रात के तापमान में 15 डिग्री का अंतर, वायरल के...



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकथाम व गश्त के दौरान भट्टू से खाराखेड़ी रोड की ओर जा रही थी। भट्टू में तहसील कार्यालय के पास एक युवक पुलिस को देखकर अचानक पीछे मुडक़र तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर उसे काबू कर पूछताछ की गई। आरोपी की पहचान अजय उर्फ घोलू पुत्र कालू राम निवासी नजदीक शनि देव मंदिर, भट्टू कलां के रूप में हुई।

### पायनियर स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट आज

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड स्थित पायनियर कॉन्वेंट स्कूल द्वारा कक्षा एलकेजी से 9वीं तक प्रवेश हेतु स्कॉलरशिप कम एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन रविवार, एक मार्च को प्रातः 10:30 बजे विद्यालय परिसर में किया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीतिका मेहता ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति का प्रावधान है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर 100 प्रतिशत प्रवेश शुल्क माफी, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर बुक सेट, 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान की जाएगी।

### गांव खैरातीखेड़ा में कबड्डी कप आयोजित

**फतेहाबाद।** गांव खैरातीखेड़ा में संत शिरोमणि बाबा तोता पूरी जी महाराज की स्मृति में 6वें विशाल कबड्डी कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भाग लिया। उनके साथ बीजेपी नेता कंवल चौधरी एवं बिट्टू गुर्जर भी मौजूद रहे। प्रवीण जोड़ा ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं और उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

### डोडा पोस्त की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया टीम ने नशीले पदार्थों की रोकथाम के अभियान के तहत एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि टीम बस अड्डा सनियाना क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी, तभी उन्हें सूचना मिली कि कृष्ण कुमार उर्फ कालू पुत्र किशोरीलाल निवासी ठरवा, हाल खेत ढाणी नजदीक रजवाहा बोस्ती, अपनी ढाणी में डोडा पोस्त बेचने का कार्य करता है और उसके पास भारी मात्रा में डोडा पोस्त मौजूद है।

### ई-रिक्शा चालकों को बताए यातायात नियम

**रतिया।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शनिवार को ट्रैफिक पुलिस रतिया द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### नशीली दवाएं बेचने का सप्लायर दबोचा

**फतेहाबाद।** मेडिकल नशे की तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य सप्लायर की पहचान बलकार उर्फ काका पुत्र कुलवंत सिंह निवासी चंदो कलां, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया गश्त के दौरान अजय पुत्र दीपक निवासी दरियापुर को दबोचा है।

## अलग-अलग हादसों में तीन की मौत होने से परिवारों में मातम का माहौल

# फतेहाबाद में अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, मामा और भांजे की मौत

**अचानक हुई मामा-भांजे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया**



फतेहाबाद। सड़क हादसे का शिकार हुए युवक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद में शनिवार का दिन हादसों के नाम रहा। क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग हादसों में जहां दो युवकों की जान चली गई । इसके अलावा नेशनल हाइवे पर गांव धांगड़ के समीप एक पिकअप गाड़ी और ट्रैक्टर में टक्कर होने से गाड़ी चालक घायल हो गया। गांव सालमखेड़ा-बड़ोपल के बीच शुक्रवार देर रात हुए सडक़ हादसे में दो युवकों की मौत होने का समाचार है। दो युवक गांव बड़ोपल के रहने वाले थे और मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव सालमखेड़ा से वापस लौट रहे थे। हादसे में दो युवकों की मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक युवकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव बड़ोपल निवासी दो युवक अनुज और राहुल दोनों रिश्ते में मामा-भांजा लगते थे। बताया जाता है कि दो युवक शुक्रवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से गांव सालखखेड़ा गए थे। रात को दोनों युवक जब वापस गांव बड़ोपल लौट रहे थे तो रास्ते में उनका मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ोपल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को उपचार के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल लाया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दो युवकों की मौत से ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़ोपल-सालमखेड़ा रोड पर तीन-चार शीशम के पेड़ लगे हुए हैं। इनके कारण पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से इन पेड़ों को कटवाने की गुहार भी लगाई हुई है लेकिन अब तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। इन पेड़ों के कारण आज दो युवक काल का ग्रास बन गए।

### नाथूसरी चोपटा के पास सड़क दुर्घटना में राजस्थान की महिला की मौत, दो घायल



सिरसा। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

**चोपटा।** नाथुसरी चोपटा में सडक़ दुर्घटना में राजस्थान के पदमपुरा गांव की एक महिला की मौत हो गई। बाइक सवार एक महिला और पुरुष घायल हो गए। घायलों को नाथुसरी चोपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार राजस्थान के नोहर क्षेत्र के गांव पदमपुरा निवासी करीब 45 वर्षीय मांगेराम, बहन धापा देवी और चाची गोमती को लेकर बाइक पर सवार होकर हरियाणा के हरिपुरा गांव में धोक लगाने के लिए जा रहे थे। नाथुसरी चोपटा से निकलते ही बराच मॉडल स्कूल के पास चोपटा भट्टू रोड पर बाइक ट्रक में जा घुसी। ट्रक में घुसते ही तीनों सडक़ पर गिर गए। उधर चोपटा थाना में कार्यरत कांस्टेबल हनुमान सिंह अपनी ड्यूटी पर आ रहे थे उन्होंने डायल 112 और एंबुलेंस को सूचना दी। डायल 112 की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को नाथूसरी चोपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर करीब 60 वर्षीय गोमती देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और उसकी बहन धापा देवी का सीएससी में इलाज जारी है। नाथुसरी चोपटा थाना के एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि चोपटा के पास भट्टू रोड पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक पर राजस्थान के पदमपुरा निवासी मांगेराम उसकी बहन धापा देवी और उनके चाची गोमती देवी सवार थे। मांगेराम और धापा देवी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है और गोमती देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### चालक घायल

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे हिसार रोड पर स्थित गांव धांगड़ के पास शनिवार सुबह पिकअप और ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे पंजाब के मानसा जिले के पिकअप ड्राइवर की टांग टूट गई। घायल को तत्काल फतेहाबाद के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार देकर अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के मानसा जिले का निवासी ड्राइवर यूनिस पिकअप लेकर हिसार की ओर जा रहा था। वहीं, सामने से ट्रैक्टर ड्राइवर शंकरलाल फतेहाबाद की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक पिकअप ड्राइवर को नींद की झपकी लग गई। इससे पिकअप सामने से आ रहे ट्रैक्टर में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर कैबिन में फंस गया। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे बाहर निकाला।



रतिया। दीपक कंबोज को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## सम्मान मिलने से परिवार में मना जश्न

# सीएम ने युवा कोच दीपक कंबोज को किया सम्मानित

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ के संत कबीर कुटीर में मेडल पहनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

गांव चिम्मों के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय युवा क्रिकेट कोच दीपक कंबोज का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर में मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया। कम आयु में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने पर दीपक की प्रशंसा करते हुए सीएम ने कहा कि दीपक कंबोज ने न केवल खेलों में बल्कि सामाजिक स्तर पर भी यह साबित कर दिया है कि अगर जज्बा हो, तो शारीरिक चुनौतियां कभी बाधा नहीं बन सकती। सीएम के साथ-साथ डेरा बाबा भूमण शाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने भी दीपक कंबोज को अच्छे कार्य और भविष्य में कामयाबी के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर दीपक कंबोज के पिता कश्मीर सिंह व कम्बोज धर्मशाला रतिया के पूर्व प्रधान भी उपस्थित रहे।

### यह है उपलब्धि

बता दें कि भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने सबसे पहला एशिया कप, बांग्लादेश में संचालित की गई त्रिकोणीय श्रृंखला, श्रीलंका के साथ ऑक्सीजन कप, थाईलैंड कप, मलेशिया कप और यूएई के शारजाह स्टेडियम में संचालित की गई विश्व की सबसे बड़ी दिव्यांग प्रीमियर लीग जैसी उपलब्धियां भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने कोच दीपक कंबोज की कोचिंग में हासिल की। दीपक कंबोज विशेष रूप से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच के रूप में अपनी सेवाओं के लिए जाने जाते हैं। कोच दीपक कंबोज ने ऐसे खिलाड़ियों को कोचिंग दी जिन खिलाड़ियों के हाथ व पांव नहीं थे और उन खिलाड़ियों ने हाथ व पांव न होने के बावजूद भी क्रिकेट जैसे मुश्किल खेल में अपने देश का नाम विश्व स्तर पर चमकाया है।

# पिकअप से दो नशा तस्कर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए गांव अबूबशहर क्षेत्र से पिकअप गाड़ी सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से छह किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया गया है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने शनिवार को बताया कि दोनों तस्कर पंजाब के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव अबूबशहर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक पिकअप गाड़ी आई। पुलिस ने पिकअप को जांच के लिए रोका और तलाशी ली तो चूरापोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि



सिरसा। पकड़े गए चूरापोस्त तस्कर।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान पंजाब के फरीदकोट निवासी सन्नी सिंह व बठिंडा निवासी गुरदीप सिंह के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना डबवाली में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### यह है आरोपी

इसके अलावा पुलिस ने हेरोइन बरामदगी मामले में मुख्य तस्कर पंजाब के बठिंडा निवासी सुखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बीते दिवस गांव मांगेआना क्षेत्र से संदीप सिंह को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे बठिंडा निवासी सुखविंद्र सिंह ने हेरोइन सप्लाई की थी। पुलिस ने सप्लायर सुखविंद्र सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज कर महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# आस्ट्रेलिया वर्क वीजा के नाम पर 5 लाख ठगे

- पुलिस ने सुनील कुमार पुत्र सेवा सिंह निवासी गांव बलियावाला, तहसील टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने सुनील कुमार पुत्र सेवा सिंह निवासी गांव बलियावाला, तहसील टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी का आरोपी। फोटो: हरिभूमि

शिकायतकर्ता ने कहा था कि आरोपी पीयूष गुप्ता पुत्र चेतन गुप्ता निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ने उसे आस्ट्रेलिया भेजने व वर्क वीजा दिलवाने का झांसा दिया।

### आरोपी पकड़ा

आरोपी ने कुल 15 लाख रुपए खर्च बताकर पहले किस्त के रूप में विभिन्न तिथियों पर करीब 5 लाख 7 हजार रुपए अलग-अलग माध्यमों से प्राप्त कर लिए। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने न तो वीजा लगवाया और न ही राशि वापस की। उल्टा फोन पर गाली-गलौच करते हुए झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना सदर टोहाना में 8 दिसंबर 2025 को धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी पीयुष को काबू कर लिया है।

# मुनीम पर हमले का 7वां आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के पुराना बस अड्डे के पास स्थित शराब ठेके में घुसकर मुनीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने सातवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रोहन कुमार पुत्र राजकुमार निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी प्रकरण में 06 आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि एक दिसंबर 2025 को सुंदर लाल पुत्र राजेराम निवासी शेखुपुर दड़ौली की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। सुंदर लाल ने कहा था कि वह माढिया वाइन शॉप, पुराना बस अड्डा फतेहाबाद पर बतौर मुनीम कार्यरत है। उसने बताया कि विशाल नामक युवक स्कूटी पर ठेके पर आया और बीयर की पेटी लेने के बाद पैसे देने को लेकर विवाद करने लगा।

# आरएमपी ने सीएमओ के पत्र पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से जारी उस पत्र के खिलाफ आरएमपी डॉक्टरों ने कड़ा एतराज जताया है। आयुर्वेदिक अनुभवी चिकित्सक समाज समिति के प्रदेशाध्यक्ष राजपाल वर्मा व जिला प्रधान कश्मीर सिंह करीवाला ने कहा कि बिना स्पष्ट मापदंड तय किए सभी प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों को एक ही दायरे में रखना उचित नहीं है। आरएमपी प्रतिनिधियों ने कहा कि वे वर्षों से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं, जहां सरकारी सुविधाएं सीमित हैं। उनका दावा है कि वे प्राथमिक उपचार और जरूरतमंद मरीजों को तत्काल सहायता प्रदान करते हैं। ऐसे में एकतरफा कार्रवाई से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ सकता हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि पहले यह स्पष्ट किया जाए कि किन मानकों के आधार पर कार्रवाई होगी।

# नहीं बख्शे जाएंगे नशा तस्कर : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के नेतृत्व में बीते चार माह के दौरान नशा तस्करों, अवैध हथियार रखने वालों तथा जुआ संचालकों के विरुद्ध व्यापक और प्रभावी अभियान चलाया गया है।

बीती 24 अक्तूबर 2025 को कार्यभार संभालने के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से नशा तस्करी के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की जिसके काफी सार्थक परिणाम सामने आए हैं। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत चार माह की अवधि में 189 मामले दर्ज किए गए तथा 324 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीमों द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 3 किलो 167 ग्राम हैरोइन, 8 किलो 159 ग्राम अफीम, 242 किलो 620 ग्राम डोडा चूरापोस्त तथा 35 किलो 151 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई है।

### अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई

जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध विशेष पखवाड़ा अभियान चलाया गया, जिसके तहत 24 मामले दर्ज कर 27 आरोपियों को काबू किया गया। उनके कब्जे से 24 अवैध पिस्तौल, 45 जिंदा कारतूस तथा 2 मैगजीन बरामद कर संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जुआ अधिनियम के तहत 13 मामले दर्ज किए गए तथा 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 9 लाख 68 हजार 150 रुपए नगद बरामद किए गए। 9 ईनामी बदमाशों सहित कुल 67 भगोड़ों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## हरिभूमि ने चोपटा रोड पर गिगोरानी नहर पुल की जर्जर हालत से बढ़ी चिंता शीर्षक से प्रकाशित किया

# हरिभूमि इम्पैक्ट: गिगोरानी नहर पुल की हालत को लेकर प्रशासन हुआ एक्टिव, मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

चोपटा रोड पर स्थित गिगोरानी नहर पुल की जर्जर स्थिति ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी। दो दिन पहले इस मुद्दे को समाजसेवी संजय उर्फ जंगली ने सोशल मीडिया पर उठाया। हरिभूमि ने भी इस समाचार को चोपटा रोड पर गिगोरानी नहर पुल की जर्जर हालत से बढ़ी चिंता शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद मामला प्रशासन के ध्यान में आया और आज यहां पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्शन राहुल चहल की सक्रिय पहल से मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया। बता दें कि गिगोरानी नहर पुल पुल पर बनी सडक़ में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। बिखरे हुए सीमेंट और मसाले और नीचे कमजोर ढांचा गंभीर खतरे की ओर इशारा कर रहा था। पुल से भारी वाहनों का आवागमन रहता है। आम जनता के लिए यह मार्ग रोजमर्रा का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। जिससे लोग काफी परेशान रहते हैं।



भट्टूकलां। पुल पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य। फोटो: हरिभूमि

### निरीक्षण के बाद हरकत में आए अधिकारी

इसके बाद संबंधित अधिकारियों ने पुल का तकनीकी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मरम्मत कार्य केवल अस्थायी समाधान नहीं होगा, बल्कि मजबूत और स्थायी तकनीकी मानकों के अनुसार पूरा किया जाएगा। पुल की कमजोर लोहे की सरिया को बदलकर ढांचा मजबूत किया जाएगा और सडक़ की सतह में गहरे गड्ढों की मरम्मत करके यातायात सुचारू किया जाएगा। मुरम्मत कार्य शुरू होने से आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली और समाजसेवी संजय उर्फ जंगली, हरिभूमि समाचार पत्र, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी राहुल चहल का आभार जताया। अधिकारियों ने 4-5 दिन के भीतर आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा करने का भरोसा दिया है।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, पुलिस ने बाइक चालक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मोटरसाइकिल की टक्कर से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार वृद्ध की मौत होने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने आरोपी चालक को काबू कर लिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 27 फरवरी को पुलिस को नागरिक अस्पताल टोहाना से सूचना प्राप्त हुई कि सुरजीत शर्मा पुत्र छोटूराम निवासी मनियाना, जिला संगरूर को सडक़ दुर्घटना में लगी चोटों के कारण अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र सीमकार पुत्र सुरजीत शर्मा ने अपने बयान में बताया कि उसके पिता करीब 12 वर्षों से प्रेम नगर, सिम्बल रोड टोहाना स्थित गौशाला में कार्यरत थे। शाम को जब उसके पिता लाल रंग की इलेक्ट्रिक स्कूटी पर गौशाला जा रहे थे और आईटीआई के सामने पहुंचे, तभी गांव सिम्बल वाला की तरफ से तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि दुर्घटना करने वाले युवक की पहचान अजय पुत्र राजेश कुमार निवासी प्रेम नगर, टोहाना के रूप में हुई। आरोपी द्वारा तेज व गफलतपूर्ण तरीके से मोटरसाइकिल चलाने के कारण उसके पिता की मृत्यु हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी चालक राजेश को गिरफ्तार कर लिया है।



# होली से समझें निवेश के चटख रंग

# लाल पीला, हरा या नीला

**किस 'रंग' के एसेट में कितना पैसा लगाने से भविष्य होगा मजबूत**

**गोल्ड, इक्विटी, डेब्ट और हाई-रिस्क निवेश में उम्र के हिसाब से पैसा लगाएं**

*होली का आनंद तभी है जब हर रंग का संतुलित मिश्रण हो। ठीक वैसे ही निवेश में भी संतुलन जरूरी है। यदि आप इन चारों रंगों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो आपका भविष्य आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित बन सकता है। इस होली केवल गुलाल न उड़ाएं, बल्कि अपने वित्तीय जीवन को भी नए रंग दें। अनुशासन, धैर्य और संतुलन यही है सफल निवेश का मंत्र। जब आपका पोर्टफोलियो संतुलित होगा, तभी आपका भविष्य सच में रंगीन व खुशहाल होगा।*



निवेश मंत्रा
सेंट्रल डेस्क

होली का त्योहार रंगों, उमंग और नई शुरुआत का प्रतीक है। जैसे होली के हर रंग का अपना महत्व होता है, वैसे ही निवेश की दुनिया में भी हर एसेट क्लास की अलग भूमिका होती है। अक्सर लोग निवेश को लेकर दो बड़ी गलतियां करते हैं या तो सारा पैसा सुरक्षित समझकर एफडी और बचत खाते में डाल देते हैं, या फिर तेजी के लालच में पूरा धन शेयर बाजार में लगा देते हैं। दोनों ही स्थितियां लंबे समय में संतुलित नहीं मानी जातीं। असल में मजबूत वित्तीय भविष्य का राज डायवर्सिफिकेशन यानी संतुलित निवेश में छिपा है। यदि आपके पोर्टफोलियो में पीला (गोल्ड), हरा (इक्विटी), नीला (डेब्ट) और थोड़ा सा लाल (हाई-रिस्क) रंग सही अनुपात में हो, तो आपका आर्थिक जीवन भी होली की तरह रंगीन और संतुलित बन सकता है।

## पीला रंग
## गोल्ड, सुरक्षा व स्थायित्व

भारत में सोना सिर्फ धातु नहीं, भावनात्मक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। निवेश की दृष्टि से गोल्ड को सेफ हेवन कहा जाता है। जब शेयर बाजार में गिरावट आती है, आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है या वैश्विक तनाव होता है, तब सोना अक्सर स्थिरता प्रदान करता है। गोल्ड का मुख्य उद्देश्य तेज रिटर्न देना नहीं, बल्कि पोर्टफोलियो को संतुलित रखना है। यह महंगाई के खिलाफ एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, कुल निवेश का लगभग 10% से 15% हिस्सा गोल्ड में होना चाहिए। इससे ज्यादा निवेश करने से ग्रोथ प्रभावित हो सकती है। आज के समय में फिजिकल गोल्ड की बजाय सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड ईटीएफ या डिजिटल गोल्ड बेहतर विकल्प माने जाते हैं। इससे शुद्धता, सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहती है।

## हरा रंग
## इक्विटी ग्रोथ का असली इंजन

हरा रंग खुशहाली और तरक्की का प्रतीक है। निवेश में यह इक्विटी यानी शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड को दर्शाता है। यदि आपका लक्ष्य लंबी अवधि में संपत्ति बनाना है जैसे रिटायरमेंट, बच्चों की उच्च शिक्षा या वित्तीय स्वतंत्रता—तो इक्विटी से बेहतर विकल्प मुश्किल है। इतिहास बताता है कि लंबी अवधि (15–20 वर्ष) में इक्विटी ने अन्य एसेट क्लास की तुलना में बेहतर रिटर्न दिए हैं। हालांकि इसमें उतार-चढ़ाव रहता है, लेकिन समय के साथ यह अस्थिरता संतुलित हो जाती है। एक सरल फॉर्मूला यह है कि 100 में से अपनी उम्र घटाइए जो संख्या आए, उतना प्रतिशत इक्विटी में निवेश किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि आपकी उम्र 30 वर्ष है, तो लगभग 70% तक इक्विटी में निवेश संभव है (जोखिम सहने की क्षमता के अनुसार)। नए निवेशकों के लिए सीधे शेयर खरीदने की बजाय एसआईपी के माध्यम से डायवर्सिफाइड म्यूचुअल फंड में निवेश करना बेहतर रहता है। इससे बाजार के उतार-चढ़ाव का प्रभाव कम होता है और नियमित निवेश की आदत बनती है।

## नीला रंग : डेब्ट/एफडी :
## स्थिरता और भरोसा

नीला रंग शांति और संतुलन का प्रतीक है। निवेश में यह डेब्ट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), डेब्ट म्यूचुअल फंड और बॉन्ड को दर्शाता है। डेब्ट का उद्देश्य पूंजी की सुरक्षा और स्थिर रिटर्न देना है। यह उन लक्ष्यों के लिए जरूरी है जो निकट भविष्य में पूरे करने हैं, जैसे बच्चों की पढ़ाई, घर की डाउन पेमेंट या इमरजेंसी फंड। हर व्यक्ति को कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड डेब्ट में रखना चाहिए। इससे अचानक नौकरी जाने, बीमारी या अन्य आर्थिक संकट की स्थिति में मदद मिलती है। डेब्ट का हिस्सा उम्र के साथ बढ़ाना समझदारी है। जैसे-जैसे रिटायरमेंट नजदीक आता है, जोखिम कम करना जरूरी हो जाता है। हालांकि एफडी सुरक्षित विकल्प है, लेकिन डेब्ट म्यूचुअल फंड या उच्च रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड भी बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। निवेश से पहले जोखिम और टैक्स प्रभाव को समझना जरूरी है।

## लाल रंग : हाई रिस्क, अवसर और सावधानी

लाल रंग ऊर्जा और जोश का प्रतीक है, लेकिन निवेश में यह सावधानी का संकेत भी देता है। इसमें क्रिप्टोकरेंसी, पेनी स्टॉक्स, स्मॉल कैप के अत्यधिक अस्थिर शेयर या ट्रेंड आधारित निवेश शामिल हो सकते हैं। इनमें कम समय में बड़ा रिटर्न मिलने की संभावना होती है, लेकिन नुकसान का खतरा भी उतना ही अधिक रहता है। इसलिए इसमें कुल निवेश का 2% से 5% से अधिक हिस्सा नहीं होना चाहिए। लाल रंग को मुख्य निवेश की तरह नहीं, बल्कि प्रयोगात्मक हिस्से की तरह देखें। यदि नुकसान हो भी जाए, तो आपकी कुल वित्तीय स्थिति पर बड़ा असर न पड़े।

## उम्र के अनुसार निवेश का संतुलन

उम्र के साथ वित्तीय प्राथमिकताएं बदलती हैं। इसलिए पोर्टफोलियो का संतुलन भी समय-समय पर बदलना चाहिए।

**20–30 वर्ष :** इस उम्र में जिम्मेदारियां कम और जोखिम लेने की क्षमता अधिक होती है। लगभग 70% इक्विटी, 20% डेब्ट और 10% गोल्ड उपयुक्त हो सकता है।

**30–45 वर्ष :** परिवार और जिम्मेदारियां बढ़ती हैं। इक्विटी 50–60%, डेब्ट 25–35% और गोल्ड 10–15% तक संतुलित रखा जा सकता है।

**45–55 वर्ष :** रिटायरमेंट की योजना बनानी शुरू कर दें। इक्विटी कम कर 30–40% रखें और डेब्ट 50% तक बढ़ाएं।

**60 वर्ष के बाद :** पूंजी की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। 60–70% डेब्ट, 10–20% गोल्ड और सीमित इक्विटी पर्याप्त है।

## इस होली करें पोर्टफोलियो की सफाई

- जैसे हम होली से पहले घर की सफाई करते हैं, वैसे ही निवेश की समीक्षा भी जरूरी है।
- उन निवेशों को हटाएं जो वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रहे हैं।
- यदि बाजार तेजी से बढ़ा है और इक्विटी का हिस्सा बहुत ज्यादा हो गया है, तो मुनाफा निकालकर डेब्ट या गोल्ड में ट्रांसफर करें।
- हर साल कम से कम एक बार री-बैलेंसिंग करें।
- छोटी राशि से भी नई एसआईपी शुरू करें। नियमित निवेश लंबी अवधि में बड़ा अंतर लाता है।
- बीमा और इमरजेंसी फंड को प्राथमिकता दें।

### ऐसे समझें महत्व

- पीला रंग देता है सुरक्षा।
- हरा रंग देता है ग्रोथ।
- नीला रंग देता है स्थिरता।
- लाल रंग देता है अवसर।

# मल्टी-एसेट फंड्स का क्रेज, गोल्ड और सिल्वर ने चमकाई निवेशकों की किस्मत

जानकारी
सेंट्रल डेस्क

भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के दौर में निवेशकों का रुख तेजी से मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स (एमएएएफएस) की ओर बढ़ा है। अस्थिर बाजार में जहां पारंपरिक इक्विटी स्कीम्स के रिटर्न दबाव में रहे, वहीं इन फंड्स ने विविध एसेट क्लास में निवेश की रणनीति से निवेशकों को बेहतर संतुलित रिटर्न दिया। ताजा उद्योग आंकड़ों के अनुसार, इस कैटेगरी का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) पिछले एक साल में 72% बढ़कर करीब 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह उछाल बताता है कि निवेशक अब केवल शेयर बाजार पर निर्भर रहने के बजाय संतुलित और सुरक्षित विकल्पों की तलाश में हैं।

### गोल्ड और सिल्वर की रिकॉर्ड तेजी का असर

पिछले एक वर्ष में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। वैल्यू रिसर्च के आंकड़ों के मुताबिक, मल्टी-एसेट फंड्स ने औसतन 23% का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी 50 ने इसी अवधि में लगभग 14.27% का रिटर्न दिया। इस बेहतर प्रदर्शन के पीछे प्रमुख कारण रहा कीमती धातुओं की चमक। चांदी की कीमतों में लगभग 171% और सोने में करीब 81% तक की तेजी दर्ज की गई। चूंकि मल्टी-एसेट फंड्स अपने पोर्टफोलियो में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ या संबंधित इंस्ट्रूमेंट्स शामिल करते हैं, इसलिए इनकी कीमतों में उछाल का सीधा फायदा निवेशकों को मिला।

### क्या हैं मल्टी-एसेट फंड्स?



मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स ऐसे हाइब्रिड म्यूचुअल फंड होते हैं जो कम से कम तीन एसेट क्लास में निवेश करते हैं। इनमें इक्विटी (शेयर), फिक्स्ड इनकम (बॉन्ड/डेट इंस्ट्रूमेंट) और कमोडिटी (मुख्यतः सोना और चांदी) शामिल हैं। इन फंड्स की सबसे बड़ी खासियत है ऑटोमैटिक रीबैलेंसिंग। यानी अगर शेयर बाजार बहुत तेजी से ऊपर जाता है और पोर्टफोलियो में इक्विटी का हिस्सा बढ़ जाता है, तो फंड मैनेजर मुनाफावसूली कर उस राशि को गोल्ड या डेट में शिफ्ट कर देता है। इसी तरह, यदि बाजार गिरता है तो कम कीमत पर इक्विटी बढ़ाई जाती है। इससे जोखिम संतुलित रहता है और निवेशक को बार-बार खुद निर्णय लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

### अस्थिर बाजार में स्थिरता का सहारा

बाजार की अनिश्चितता के दौर में डायवर्सिफिकेशन (विविधीकरण) सबसे कारगर रणनीति मानी जाती है। मल्टी-एसेट फंड्स इसी सिद्धांत पर काम करते हैं। जब इक्विटी कमजोर होती है, तब डेट या गोल्ड सहारा देते हैं। वहीं तेजी के दौर में इक्विटी रिटर्न को आगे बढ़ाती है। वेल्थ मैनेजर्स का कहना है कि जिन निवेशकों के पास बाजार को लगातार ट्रैक करने का समय या अनुभव नहीं है, उनके लिए यह विकल्प बेहद उपयुक्त है। खासकर नए निवेशकों या मध्यम जोखिम लेने वालों के लिए ये फंड संतुलित रणनीति पेश करते हैं।

### टैक्स का फायदा भी बड़ा कारण

मल्टी-एसेट फंड्स की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण टैक्स एफिशिएंसी भी है। यदि कोई निवेशक खुद शेयर बेचकर सोना खरीदता है या एसेट क्लास बदलता है, तो हर लेनदेन पर उसे कैपिटल गेन्स टैक्स देना पड़ता है। लेकिन फंड के भीतर फंड मैनेजर द्वारा की गई खरीद-फरोख्त पर निवेशक को अलग से टैक्स नहीं देना होता। यदि किसी मल्टी-एसेट फंड में इक्विटी का हिस्सा 65% या उससे अधिक है, तो वह टैक्स के लिहाज से इक्विटी फंड की श्रेणी में आता है। ऐसे में निवेशक को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स का लाभ मिलता है, जो अन्य विकल्पों की तुलना में अधिक फायदेमंद हो सकता है। यही वजह है कि टैक्स प्लानिंग के नजरिए से भी ये स्कीम आकर्षक बन रही हैं।

### किसके लिए हैं उपयुक्त?

- वे निवेशक जो मध्यम जोखिम के साथ बेहतर रिटर्न चाहते हैं
- वे लोग जिनके पास पोर्टफोलियो मैनेज करने का समय नहीं है
- रिटायरमेंट या दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए संतुलित निवेश चाहने वाले
- अस्थिर बाजार में पूंजी संरक्षण के साथ ग्रोथ चाहने वाले
- हर निवेशक की जरूरत और जोखिम क्षमता अलग होती है। इसलिए फंड चुनते समय यह देखना जरूरी है कि उसमें इक्विटी, डेट और कमोडिटी का अनुपात क्या है। कुछ फंड आक्रामक होते हैं जिनमें इक्विटी का हिस्सा ज्यादा होता है, जबकि कुछ अपेक्षाकृत रक्षात्मक रणनीति अपनाते हैं।

### क्या आगे भी बनी रहेगी चमक?

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के माहौल में गोल्ड और सिल्वर जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों की मांग बनी रह सकती है। हालांकि, पिछले साल जैसी असाधारण तेजी हर साल मिले, यह जरूरी नहीं। इसलिए निवेशकों को केवल पिछले रिटर्न देखकर निर्णय नहीं लेना चाहिए, बल्कि अपने वित्तीय लक्ष्य और समयावधि के अनुसार रणनीति बनानी चाहिए।

## रिटायरमेंट के समय निवेश की बदल जाती हैं प्राथमिकताएं, महंगाई भी बड़ी चुनौती

# सीनियर सिटीजंस के लिए म्यूचुअल फंड सबसे सुरक्षित व फायदेमंद रिटायरमेंट के बाद नहीं होगी कोई परेशानी, आराम से कटेगा बुढ़ापा

**पूंजी को सुरक्षित रखते हुए बनाना होता है नियमित कैश फ्लो**

तैयारी
सेंट्रल डेस्क

रिटायरमेंट के बाद जिंदगी का सबसे अहम सवाल होता है क्या नियमित आय बनी रहेगी और क्या जमा पूंजी सुरक्षित रहेगी? नौकरी के दौरान हर महीने सैलरी आती है, लेकिन रिटायरमेंट के बाद वही आय पेंशन, ब्याज या निवेश पर निर्भर हो जाती है। ऐसे में सिर्फ पैसा बचाकर रखना काफी नहीं होता, बल्कि उसे समझदारी से निवेश करना जरूरी हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सीनियर सिटीजंस के लिए ऐसे म्यूचुअल फंड्स बेहतर विकल्प हो सकते हैं, जो कम जोखिम के साथ स्थिर रिटर्न और नियमित आय की सुविधा दें। रिटायरमेंट के समय निवेश की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। अब लक्ष्य तेजी से पैसा बढ़ाना नहीं, बल्कि पूंजी को सुरक्षित रखते हुए नियमित कैश फ्लो बनाना होता है। साथ ही महंगाई भी एक बड़ी चुनौती है। अगर पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट या पारंपरिक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में रखा जाए, तो महंगाई की वजह से उसकी वास्तविक क्रय शक्ति घट सकती है। इसलिए ऐसी रणनीति जरूरी है जो जोखिम को सीमित रखते हुए लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दे सके। वित्तीय सलाहकारों के अनुसार, सीनियर सिटीजंस के लिए कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स, इक्विटी सेविंग्स फंड्स और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स जैसे विकल्प संतुलित निवेश का रास्ता दिखाते हैं। इन फंड्स के साथ सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) जोड़ दिया जाए तो हर महीने नियमित आय भी सुनिश्चित की जा सकती है।



### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्सः मार्केट के हिसाब से एसेट एलोकेशन

बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स या डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड्स बाजार की स्थिति के अनुसार इक्विटी और डेट में निवेश का अनुपात बदलते रहते हैं। जब बाजार महंगा या जोखिमपूर्ण दिखता है, तो फंड मैनेजर इक्विटी एक्सपोजर घटाकर डेट में निवेश बढ़ा देते हैं। वहीं बाजार में गिरावट के समय इक्विटी हिस्सा बढ़ाया जाता है। इस रणनीति का फायदा यह है कि निवेशक को बाजार के समय का अनुमान लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। फंड मैनेजर खुद जोखिम को मैनेज करता है। रिटायरमेंट के बाद ऐसे फंड्स निवेशकों को अपेक्षाकृत कम उतार-चढ़ाव के साथ लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देने का प्रयास करते हैं।

### किन बातों का रखें ध्यान?

हालांकि ये फंड्स अपेक्षाकृत कम जोखिम वाले माने जाते हैं, फिर भी निवेश से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है

**जोखिम प्रोफाइल समझेंः** हर व्यक्ति की जोखिम लेने की क्षमता अलग होती है।

#### एसेट एलोकेशन तय करें

- **आपातकालीन फंड रखें :** कम से कम 6 से 12 महीने का खर्च लिक्विड फंड या सेविंग अकाउंट में रखें।
- **टैक्स प्लानिंग करें :** निकासी और कैपिटल गेन पर लगने वाले टैक्स को समझें।
- **वित्तीय सलाह लें :** किसी प्रमाणित वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना फायदेमंद हो सकता है।

### कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स : सुरक्षा के साथ सीमित ग्रोथ

रिटायर्ड निवेशकों के लिए कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स एक लोकप्रिय विकल्प बन रहे हैं। इन फंड्स में आमतौर पर 75 से 90 प्रतिशत हिस्सा डेट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे सरकारी बॉन्ड, कॉर्पोरेट बॉन्ड और अन्य फिक्स्ड इनकम साधनों में निवेश किया जाता है। बाकी 10 से 25 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी में लगाया जाता है। डेट हिस्से की वजह से पोर्टफोलियो में स्थिरता बनी रहती है, जबकि सीमित इक्विटी एक्सपोजर महंगाई से मुकाबला करने में मदद करता है। यही वजह है कि जोखिम लेने से बचने वाले सीनियर सिटीजंस के लिए ये फंड्स एफडी की तुलना में बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, साथ ही उतार-चढ़ाव भी नियंत्रित रहता है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि ये भी बाजार आधारित उत्पाद हैं। इनमें रिटर्न की गारंटी नहीं होती, लेकिन लंबे समय में संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला है।

### इक्विटी सेविंग्स फंड्स : संतुलन और टैक्स एफिशिएंसी

इक्विटी सेविंग्स फंड्स उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयुक्त माने जाते हैं, जो 3 से 5 साल की मध्यम अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं। इन फंड्स की खासियत यह है कि ये इक्विटी, डेट और आर्बिट्राज रणनीति के बीच संतुलन बनाते हैं। आर्बिट्राज का मतलब है बाजार के अलग-अलग सेगमेंट में कीमतों के अंतर का फायदा उठाना। इससे फंड को अपेक्षाकृत कम जोखिम के साथ रिटर्न कमाने का मौका मिलता है। चूंकि ये फंड्स इक्विटी कैटेगरी में आते हैं, इसलिए टैक्सेशन के लिहाज से भी निवेशकों को फायदा मिल सकता है। प्योर इक्विटी फंड्स की तुलना में इनका उतार-चढ़ाव कम होता है। यही कारण है कि जो सीनियर सिटीजंस पूरी तरह इक्विटी में निवेश नहीं करना चाहते, लेकिन एफडी से थोड़ा ज्यादा रिटर्न चाहते हैं, उनके लिए यह एक संतुलित विकल्प हो सकता है।

### एसडब्ल्यूपी : पेंशन जैसा नियमित कैश फ्लो

सिर्फ निवेश करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उससे नियमित आय निकालने की व्यवस्था भी जरूरी है। यहां सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। एसडब्ल्यूपी के तहत निवेशक एकमुश्त राशि किसी हाइब्रिड या बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में लगाते हैं और फिर हर महीने एक निश्चित रकम निकालते रहते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी वरिष्ठ नागरिक ने 20 लाख रुपये निवेश किए हैं और वे हर महीने 15,000 रुपये निकालना चाहते हैं, तो एसडब्ल्यूपी के जरिए यह संभव है। शेष राशि बाजार में निवेशित रहती है और संभावित रूप से बढ़ती भी रहती है। इस तरह निवेशक को पेंशन जैसी नियमित आय मिलती है और पूंजी भी धीरे-धीरे खत्म होने के बजाय काम करती रहती है। एसडब्ल्यूपी का एक बड़ा फायदा यह भी है कि यह वित्तीय अनुशासन बनाए रखता है। निवेशक जरूरत से ज्यादा रकम नहीं निकालते और लंबी अवधि तक फंड बना रहता है।

# सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट के लिए क्यों बढ़ रहा पैसिव फंड्स का क्रेज?

बचत
सेंट्रल डेस्क

क्या आप भी आईटी या बैंकिंग सेक्टर की तेजी का फायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन स्टॉक चुनने में उलझे हैं? तो आप अकेले नहीं हैं। बदलते निवेश ट्रेंड्स के बीच, अब निवेशकों के लिए एक स्मार्ट और आसान तरीका सामने आया हैः पैसिव म्यूचुअल फंड्स। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के अनुसार, पैसिव फंड्स अब सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान बना रहे हैं, और इसने निवेशकों के बीच इसका क्रेज तेजी से बढ़ाया है। इस लेख में हम जानेंगे कि पैसिव फंड्स की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे क्या कारण हैं और कैसे यह निवेशकों को सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट में एक बेहतरीन विकल्प दे रहे हैं।

### पैसिव फंड्स की बढ़ती लोकप्रियता

आज के निवेश माहौल में, जहां अनिश्चितताएं और बाजार के उतार-चढ़ाव सामान्य हो गए हैं, निवेशक अपनी निवेश रणनीतियों को सरल, सस्ते और सुरक्षित बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पैसिव फंड्स का एक प्रमुख लाभ यह है कि ये कम लागत, अच्छी पारदर्शिता, और कम जोखिम के साथ निवेश के एक बेहतरीन तरीके के रूप में उभर रहे हैं। पैसिव म्यूचुअल फंड्स अब निवेशकों के लिए एक बहुत ही आकर्षक विकल्प बन चुके हैं। ये न केवल सस्ते होते हैं, बल्कि सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को भी आसान और सुरक्षित बना रहे हैं। पहले जहां किसी विशेष सेक्टर में निवेश करने के लिए काफी रिसर्च और स्टॉक चयन की आवश्यकता होती थी, वहीं पैसिव फंड्स ने इसे सरल बना दिया है। इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ के माध्यम से, निवेशक अब आसानी से किसी भी सेक्टर की ग्रोथ का फायदा उठा सकते हैं, चाहे वह आईटी, फार्मा, बैंकिंग, या कोई और सेक्टर हो।

### सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट क्यों है आसान?

पैसिव फंड्स का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सीधे किसी इंडेक्स को फॉलो करता है, जैसे कि निफ्टी आईटी, निफ्टी बैंक, या निफ्टी फार्मा। इन फंड्स का मैनेजर केवल उस इंडेक्स में मौजूद स्टॉक्स में निवेश करता है, जैसा कि इंडेक्स में निर्धारित होता है। इससे निवेशक को स्टॉक्स के चयन में होने वाली गलती से बचने का फायदा मिलता है। माना कि आप मानते हैं कि आईटी सेक्टर आने वाले समय में अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब, अगर आप इस सेक्टर में निवेश करना चाहते हैं, तो पहले आपको उसके कुछ प्रमुख स्टॉक्स का चुनाव करना पड़ता था। लेकिन अब पैसिव फंड्स के जरिए आप बिना किसी जोखिम के पूरे आईटी सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। इसका मतलब है कि आप उस सेक्टर के सारे स्टॉक्स में निवेश कर रहे होते हैं, न कि केवल कुछ चुने हुए स्टॉक्स में। इससे, किसी एक स्टॉक के गलत चुनाव से होने वाले नुकसान का खतरा भी कम हो जाता है, आप पूरी इंडस्ट्री की ग्रोथ में शामिल होते हैं।

### कम लागत और पारदर्शिता का फायदा

अन्य कारण जो पैसिव फंड्स को निवेशकों के बीच अधिक लोकप्रिय बना रहा है, वह है इनकी कम लागत व पारदर्शिता। पैसिव फंड्स का एक्सपेंस रेशियो एक्टिव फंड्स के मुकाबले काफी कम होता है, जो निवेशक के लॉन्ग-टर्म रिटर्न पर सकारात्मक असर डालता है। पैसिव फंड्स में निवेशक को स्पष्ट रूप से पता होता है कि उनका पैसा किस-किस स्टॉक में निवेशित है, क्योंकि ये फंड्स किसी विशेष इंडेक्स का अनुसरण करते हैं। उदाहरण के लिए, निफ्टी आईटी इंडेक्स में जो 10-15 स्टॉक्स शामिल हैं, वे सभी पैसिव फंड में भी मौजूद होते हैं। इस पारदर्शिता की वजह से निवेशकों को ये फंड्स अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित लगते हैं। यही कारण है कि ये छोटे और नए निवेशकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन चुके हैं।

### सेक्टोरल कॉल्स लेने में रिस्क मैनेजमेंट

हालांकि, सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट में जोखिम हमेशा रहता है। किसी एक सेक्टर पर अधिक निर्भरता कभी भी नुकसानदायक हो सकती है, अगर वह सेक्टर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न करे। लेकिन पैसिव फंड्स के जरिए इस रिस्क को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का मानना है कि पैसिव फंड्स के जरिए निवेशक अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर सकते हैं। सेक्टोरल फंड्स, जैसे कि आईटी, बैंकिंग, या फार्मा, इन क्षेत्रों में उछाल आने पर अच्छा रिटर्न देते हैं। इन फंड्स में निवेश करने से निवेशक उस पूरे सेक्टर के लाभ का पूरा फायदा उठा सकते हैं। साथ ही, इन फंड्स में लिक्विडिटी भी अच्छी होती है, यानी निवेशक अपनी स्थिति के हिसाब से आसानी से अपने निवेश को भुना सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर बैंकिंग सेक्टर में तेजी आती है और आपको लगता है कि यह काफी समय तक बढ़ेगा, तो आप बैंकिंग पैसिव फंड्स में निवेश कर सकते हैं। यदि किसी सेक्टर में गिरावट आती है, तो आप अपने निवेश को बदल सकते हैं और दूसरी सेक्टरल फंड में ले सकते हैं।

### पैसिव फंड्स का भविष्य

आज के निवेशकों के लिए, जिनके पास समय की कमी है और जो रिसर्च या स्टॉक चयन में उलझना नहीं चाहते, पैसिव फंड्स एक बेहतरीन समाधान हो सकते हैं। इन फंड्स में निवेश करने के द्वारा, निवेशक सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट का फायदा उठाते हुए कम लागत में अधिक पारदर्शिता और सुरक्षित तरीके से निवेश कर सकते हैं। यही कारण है कि ये फंड्स अब निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बन चुके हैं। वहीं, जैसे-जैसे बाजार और निवेश की दुनिया में बदलाव हो रहा है, पैसिव फंड्स का महत्व और बढ़ने की संभावना है। यह उन निवेशकों के लिए अच्छा विकल्प है जो आर्थिक बदलावों का फायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन जोखिम से बचना भी चाहते हैं।

### इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान

पैसिव फंड्स ने निवेशकों के लिए सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान और सुरक्षित बना दिया है। पहले जहां निवेशक को सेक्टोरल स्टॉक्स के चयन में काफी रिसर्च करनी पड़ती थी, वहीं अब पैसिव फंड्स ने इस काम को आसान बना दिया है। इसके जरिए निवेशक किसी भी खास सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। कम लागत, पारदर्शिता व बेहतर रिस्क मैनेजमेंट की वजह से पैसिव फंड्स अब निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। चाहे आप आईटी सेक्टर में निवेश करना चाहते हों या बैंकिंग सेक्टर की तेजी का फायदा उठाना चाहते हों, पैसिव फंड्स आपको इसे सरल और प्रभावी तरीके से करने का मौका दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वार्ड 17 की प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित

**टोहाना।** एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी आकाश शर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगर परिषद टोहाना के वार्ड नम्बर 17 की मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 27 फरवरी को प्रारम्भिक प्रकाशन कर दिया है। प्रारम्भिक मतदाता सूची नगर परिषद टोहाना एवं उप मण्डल अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है। वार्ड नंबर 17 की मतदाता सूची से संबंधित कोई भी मतदाता अपना दावा एवं आपत्ति 7 मार्च तक अवकाश के दिनों को छोड़कर लघु सचिवालय के कमरा नंबर 18 व नगर परिषद टोहाना के कार्यालय के कमरा नंबर 6 में दर्ज करवा सकता है।

### प्रतिज्ञा को लगी एचपीवी वैक्सीन की पहली डोज

**फतेहाबाद।** सरवाईकल कैंसर से बचाव के लिए शनिवार को एचपीवी वैक्सीन की डोज किशोरियों को लगाई गई। नागरिक अस्पताल में जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर किशोरियों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया और इसके बाद वैक्सीन लगाई गई। किशोरी प्रतिज्ञा ने नागरिक अस्पताल में सबसे पहले वैक्सीन लगवाई। पीएम नरेंद्र मोदी ने सरवाईकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन एचपीवी की शुरूआत की गई। इसके बाद नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन करवाने वाली किशोरियो को वैक्सीन की डोज दी गई। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार, सीएमओ डॉ.बुधराम, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सन्नी मल्होत्रा, डॉ.विष्णु मित्तल, डॉ.गिरीश, बनवान सिंह समेत स्टाफ मौजूद रहा।

### जेजेपी करेगी होली मिलन समारोह

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी आगामी 2 मार्च को युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में मिठड़ी फार्म हाउस पर होली मिलन समारोह आयोजित करेगी। इस सिलसिले में जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व पार्टी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय परंपराओं में उल्लास व हर्ष के इस पर्व पर मुख्यातिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला होंगे। दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि यह समारोह सुबह दस बजे से शुरू होगा।

### किसान के घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**रतिया।** गांव पिलछिया में चोरों ने एक किसान के बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय हुई जब पूरा परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने फतेहाबाद गया हुआ था। पीड़ित किसान राज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई और पूरे परिवार के साथ 26 फरवरी की सुबह रिश्तेदारी में एक भोग के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झाड़ साहब गुरुद्वारे गए हुए थे। जब वे शाम को वापस लौटे, तो घर के मुख्य लॉबी और दो कमरों के ताले टूटे हुए मिले। घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि कमरे की अलमारी से कीमती सामान गायब था, जिसमें सोने की एक जोड़ी कान की झुमकी, एक लेडीज अंगूठी और एक गले का हार ,चांदी की दो चूड़िया और 50 हजार रुपये नगद चोरी करके ले गए।

### लूट वारदात में संलिप्त नाबालिग गिरफ्तार

**कालांवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने त्रिलोकेवाला-तारूआना रोड पर हुई नकदी, फोन व पर्स लूट की वारदात में वांछित नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रणजीत सिंह निवासी गांव दादू ने शिकायत दी कि बीती 13 फरवरी को वह अपने बाइक पर जगमालवाली शिवरात्रि मेले में गया था। मेले से आते समय रात के समय उक्त आरोपी ने अपने साथियों सहित उस पर हमला कर मारपीट की और ओर उसके कब्जे से 30 हजार रुपए नकद राशि, उसका फोन व पर्स लूटकर भाग गए। जिस पर थाना कालांवाली में केस दर्जकर जांच शुरू की थी।

---

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर समिट

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शिक्षा में एआई के पहलुओं पर डाला विस्तार से प्रकाश

- शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण हुआ तथा शिक्षा में एआई के समावेशन, नवाचार, मूल्यांकन प्रणाली, डिजिटल संसाधनों और भावी संभावनाओं पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में श्रद्धा एजुकेशनल एकेडमी के सहयोग से 'शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : अवसर, चुनौतियाँ और भविष्य की राहें' विषय पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। हाइब्रिड मोड ऑनलाइन एवं ऑफलाइन में आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश से शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विशेषज्ञों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर (डॉ.) विजय कुमार, कुलपति, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एआई शिक्षा जगत में नवाचार और गुणवत्ता संवर्धन का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण हेतु जीवन में '5 सी' के सूत्र को अपनाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) पंकज शर्मा ने शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं, नैतिक चुनौतियों तथा शोध की नई दिशाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने एआई के नैतिक एवं अनैतिक प्रयोगों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय से शिराज खुराना ने प्रतिभागियों को एआई टूल 'बिल्पिर' का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया तथा तकनीकी युग में बदलती शिक्षण पद्धतियों पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित तकनीकी सत्रों में कुलवंत नागी, डॉ. पवन पांडेय, डॉ. अमित सिंगला तथा लंदन से अंतरराष्ट्रीय वक्ता अंकुर मलिक ने प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किए। इन सत्रों में शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण हुआ तथा शिक्षा में एआई के समावेशन, नवाचार, मूल्यांकन प्रणाली, डिजिटल संसाधनों और भावी संभावनाओं पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा की गई।



फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में 'शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेते अतिथिगण।

#### एआई के भविष्य और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया

*समापन सत्र का संचालन प्रो. मोहम्मद कासिफ किदवई, डीन, यूएसजीएस, सीडीएलयू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता, उप-प्रधान संजीव बत्रा तथा कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उप-प्रधान संजीव बत्रा ने अपने संबोधन में एआई के भविष्य और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ को बधाई दी तथा नई तकनीकों से निरंतर जुडने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या जनक रानी एवं उप-प्राचार्या गुंजन बजाज के मार्गदर्शन में आयोजन सचिव बलवंत सिंह ने संपूर्ण व्यवस्था का संचालन किया। मंच संचालन रेखा एवं डॉ. ज्योति द्वारा किया गया।*

---


फतेहाबाद। एसएस जैन सभा श्याम नगर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

# कड़वाहट को भुलाकर ही आती है जीवन में मिठास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आगम के प्रकाण्ड ज्ञाता, योगीराज गुरुदेव अरुणचन्द्र महाराज ने अपने प्रवचन में तनावमुक्त जीवन जीने, मन की शांति और क्षमाशीलता के महत्व पर गहरा संदेश दिया। श्याम नगर स्थित एसएस जैन सभा में उन्होंने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। 6 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद फतेहाबाद आए गुरुदेव के दर्शन और उनके प्रवचन सुनने के लिए सुबह से ही धर्मसभा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।धर्मसभा को संबोधित करते हुए गुरुदेव अरुणचन्द्र महाराज ने कहा कि तनावमुक्त जीवन जीने और मन की शांति पाने के लिए पुरानी बातों को भूलना बहुत जरूरी है। जब हम जीवन की कड़वाहटों को भुला देते हैं, तो जीवन में मिठास आनी शुरू हो जाती है। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली पर प्रहार करते हुए एक बहुत ही मार्मिक बात कही कि जब जीवन में हेट अटैक यानि नफरत का हमला हो जाता है, तब शरीर पर हार्ट अटैक होने में देर नहीं लगती। गुरुदेव ने श्रद्धालुओं को समझाया कि नफरत, घृणा और द्वेष की भावना को हृदय से निकाल देना चाहिए। इसका सबसे सरल सूत्र है, माफी मांग लो और माफी दे दो। उन्होंने एक सटीक उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने घर में शव को नहीं रखना चाहता क्योंकि वह मृत है। परंतु विडंबना यह है कि हम अपने भीतर मृत अतीत यानि बीती हुई नकारात्मक बातों को भरे रखते हैं, जिसका दुष्परिणाम हमें तनाव, दुव्र्यचार और नफरत के रूप में मिलता है। रविवार को सुबह 8:30 से 10 बजे तक प्रवचन के दौरान महामंगलकारी और विघ्नहारी काली सुकाली महाकाली का पाठ करवाया जाएगा।

---


सिरसा। ओवरऑल ट्राफी प्रदान करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# सीडीएलयू ने किया लगातार तीसरी बार ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के विद्यार्थियों ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव स्पंदन-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। उल्लेखनीय है कि सीडीएलयू ने लगातार तीसरे वर्ष यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। सीडीएलयू के वीसी प्रोफेसर विजय कुमार ने कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, लगातार तीसरी बार ओवरऑल ट्रॉफी जीतना यह दर्शाता है कि सीडीएलयू के विद्यार्थी केवल अकादमिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मंचों पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। यह पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों, निदेशालय युवा कल्याण एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से ही यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो पाई है। निदेशक युवा कल्याण डॉ. मंजू नेहरा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सीडीएलयू की इस कलचरल टीम का नेतृत्व सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. रंजीत, सहायक निदेशक युवा कल्याण राजेश छिकारा ने किया। उल्लेखनीय है कि देविवि ने लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, लाइट म्यूजिक (वोकल), शास्त्रीय वाद्य (ताल एवं अतार), वेस्टर्न ग्रुप सोंग, वेस्टर्न वोकल एवं इंस्ट्रूमेंटल सोलो, ऑर्केस्ट्रा, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, इंडियन ग्रुप सोंग, स्पॉट फोटोग्राफी एवं शास्त्रीय वोकल सोलो में प्रथम स्थान प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त कार्टूनिंग, हिंदी कविता, रंगोली, कोलाज, हिंदी एलोक्यूशन एवं अंग्रेजी कविता में द्वितीय स्थान, जबकि मेहंदी एवं पेंटिंग में तृतीय स्थान हासिल किया।

# अहरवां नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया वाटर एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अहरवां के बीएससी नर्सिंग 8वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने फतेहाबाद स्थित जल आपूर्ति विभाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जल शुद्धिकरण प्रणाली, अपशिष्ट जल प्रबंधन तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कच्चे पानी की शुद्धिकरण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों जैसे स्क्रीनिंग, कोएगुलेशन, सेडिमेंटेशन, फिल्ट्रेशन तथा क्लोरीनेशन के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति जनस्वास्थ्य की आधारशिला है तथा जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित परीक्षण और निगरानी अत्यंत आवश्यक है।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया, जहां उन्हें अपशिष्ट जल के प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक शोधन की प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया। उन्हें समझाया गया कि किस प्रकार घरेलू एवं औद्योगिक अपशिष्ट जल को वैज्ञानिक विधियों द्वारा शुद्ध कर पुनः उपयोग योग्य बनाया जाता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं जल संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा मिलता है


फतेहाबाद। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण करते नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी।

#### तकनीकी अधिकारियों से ली जानकारी

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्लांट के तकनीकी अधिकारियों से विभिन्न प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यापिका मुकेश एवं केशव विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने बताया कि इस भ्रमण से उन्हें जल जनित रोगों की रोकथाम, स्वच्छता प्रबंधन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग पेशे की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने में सहायता मिली। इस प्रकार के व्यावहारिक अनुभव से उनके ज्ञान, अवलोकन क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना में वृद्धि हुई।

---

## न्यूज डायरी



### नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए युवाओं को खेलों से जोड़ना जरूरी : वेद फुलां

**फतेहाबाद।** गांव फुलां में में बाबा प्रेम नाथ की बरसी के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाबा प्रेम नाथ खेल स्टेडियम में हुए इस कबड्डी महाकुंभ में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ राष्ट्रीय और व्यावसायिक स्तर पर खेलने वाले नामचीन कबड्डी खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। सुबह से रात 10 बजे तक चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने फुर्ती, साहस, अनुशासन और रणनीतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन वेद फुलां ने भाग लिया और खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए वेद फुलां ने कहा कि यदि आज का युवा खेल मैदान से जुड़ता है तो वह नशे और सामाजिक बुराइयों से स्वयं दूर रह सकता है। उन्होंने कबड्डी जैसे खेल भारतीय सांस्कृतिक पहचान और परंपरा के संवाहक हैं। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और अनुशासन को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को नई दिशा मिली है। स्वस्थ भारत अभियान और खेलो इंडिया अभियान जैसी पहल से गांव-गांव में खेल संस्कृति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के सशक्तिकरण, नशामुक्त समाज और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य

### टप्पी में गुरुद्वारा साहिब की नींव रखी

**ओढां।** खंड ओढ़ा के गांव टप्पी में धन धन बाबा जीवन सिंह जी के नाम से नए गुरुद्वारा साहिब की नींव रखी गई। यह नींव हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य जगतार सिंह मिठडी व बाबा निक्का सिंह जत्थेदार जंडवाला जाटान व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में रखी गई। इस अवसर पर जगतार सिंह मिठडी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत आनन्द, सौभाग्य और ऐतिहासिक महत्व का दिन है। हम बहुत भाग्यशाली है कि यहां की मिट्टी में नए गुरुद्वारे की नींव रखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। सिख धर्म में गुरु के घर की अहम भूमिका है जहां पर जाति, धर्म, ऊंच-नीच का भेदभाव किए बिना सभी के लिए समानता का संदेश दिया जाता है। बाबा निक्का सिंह जत्थेदार ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब का मतलब सिर्फ एक इमारत नही बल्कि गुरु का द्वार है, जो हमें सीधा परमात्मा से जोड़ता है. इस स्थान पर हर दिन गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश होगा, गुरुवाणी का कीर्तन गूंजेगा और मानवता को शांति, समानता और प्रेम का संदेश मिलेगा।

### पीएम-श्री ओढ़ा में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**ओढां।** पीएम-श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में शिक्षिका मीनू जुनेजा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा में निरंतर अध्ययन और प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु तीन विशिष्ट निर्णायकों को आमंत्रित किया गया, जिनमें खंड शिक्षा अधिकारी, बड़ागुढ़ा कुलदीप कौर, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढ़ा प्राचार्य विक्रमाजीत तथा नुहियावाली पब्लिक स्कूल के संचालक वकील गोदारा शामिल थे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना की, विशेष रूप से अटल टिंकरिंग लैब में तैयार किए गए मॉडलों को अत्यंत प्रशंसनीय बताया। इन मॉडलों को अटल टिंकरिंग लैब की शिक्षिका कुमारी सिमरन तथा विद्यालय के भौतिकी के स्नातकोत्तर शिक्षक संदीप के मार्गदर्शन में बनाया गया।

---

नरसिंह होय हिरणाकस मारयों, प्रहलादो रहियों शरण हमारी

# होलिका दहन के दिन 2 मार्च को बिश्नोई समाज के लोग रखेंगे शोक, 3 को बनेगा पाहल प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

होलिका दहन के दिन 2 मार्च को बिश्नोई समाज के लोग शोक रखेंगे क्योंकि इस दिन हिरण्यकश्यप के आदेश से होलिका द्वारा भक्त प्रह्लाद को जलती अग्नि में जलाकर मारना था। इसलिए इस दिन बिश्नोई समाज के लोग मिष्ठान आदि न बना कर सादा भोजन करते है व सुतक रखते है। भक्त पर जब भगवान की कृपा हुई तो नरसिंह होय हिरणाकस मारयों, प्रहलादो रहियों शरण हमारी' अर्थात भगत भगवान की शरण में आ जाता है तो उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता और अगले दिन सुबह जब भक्त प्रहलाद के बचने की सूचना मिलती है तो मंदिर के पुजारी द्वारा मंदिर में सर्वप्रथम प्रहलाद चरित्र की कथा करने उपरांत 120 शब्दों का पाठ कर हवन यज्ञ करके पाहल बनाया जाता है। इस दिन गांव के सबसे आदरणीय व बुजुर्ग व्यक्ति से पाहल बनाने की रस्म अदा करवाई जाती है। होली के दिन पर्यावरण संरक्षण के लिए पानी की बर्बादी न करके , एक दूसरे को नवम प्रणाम करके व कुशलक्षेम पूछकर ही समाज के लोग होली का त्यौहार मनाते हुए खुशी जाहिर करते हैं। इसलिए बिश्नोई समाज को प्रह्लाद पंथी भी कहा जाता है। बिश्नोई सभा सचिव इंद्रजीत बिश्नोई ने बताया कि विष्णु भगवान ने प्रह्लाद भक्त को वचन दिया था कि मैं कलयुग में जम्भेश्वर भगवान के रूप अवतार लेकर जीवों का उद्धार करूंगा।

#### पांच करोड़ जीवों का उद्धार किया

इसी प्रकार भगवान ने 17 लाख 28 हजार सतयुग प्रमाण सतयुग के पहरे में सोने का घाट, सोने का पाट, सोने का टका और सोने का कलश भक्त प्रह्लाद ने क्लश स्थापित कर पांच करोड़ जीवों का उद्धार किया। इसी प्रकार आगे चलकर 12 लाख 96 हजार त्रेता युग प्रमाण त्रेता युग के पहरे में रूपे का घाट, रूपे का पाट, रूपे का कलश और सोने का टका राजा हरिश्चन्द्र ने क्लश स्थापित कर 7 करोड़ जीवों का उद्धार किया।

---

गांधी विद्या मंदिर स्कूल में साइंस एग्जीबिशन

### नन्हें वैज्ञानिकों ने प्रतिभा से सबका ध्यान खींचा

**फतेहाबाद।** सेक्टर 12 स्थित गांधी विद्या मंदिर स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा पहली से नौवीं के बच्चों ने भाग लेकर साइंस के अनेक मॉडल प्रस्तुत किए। चेतना, रोजल, एकता, आरजू ने ह्यूमन हार्ट, अयान, केशव, रोहित ने हाइड्रोलिक लिफ्ट, नव्या, डोलसी, अदिति और कोमल ने माइक्रोस्कोप, डोली व चीनू ने फायर डिटेक्टर, अंतिमा, गुंजन, वन्या तथा मासूम ने एनिमल शेल्टर, मन्नत व खुशी ने वालकेनो जैसे अनेक विषय पर साइंस मॉडल्स प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने इन मॉडल्स की कार्यों की रूप रेखा को बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रिंसिपल सुशील शर्मा व वाईस प्रिंसिपल मोनिका शर्मा ने इन विद्यार्थियों की तथा इनकी सहायता करने वाले अध्यापकों की सराहना की। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल्स को विद्यालय की वाईस प्रिंसिपल ने अवलोकन किया। सिया, लव, अनाया, नक्ष, अरुणा, आरवी, रवीना, मिताली, जैस्मिन, हर्षिता ने प्रथम स्थान पाया वहीं केशव, होमेश, जैनीश, चेतना, मनीषा, वर्षा, रुचिका, पायल, प्रीति, हिमांशी द्वितीय स्थान पर रही। गोमिनी, दिव्या, हार्दिक, हर्षुल, नीरज, प्रदीप, केशव व रोहित तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य ने कहा की इस प्रकार के एक्जीबिशन से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है। अंत में प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।




---

# चोरों ने दो दुकानों के शटर तोड़ हजारों की नकदी चुराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिसार रोड स्थित दो दुकानों के शट्टर तोडक़र चोर नकदी चुराकर ले गए। वारदात को शुक्रवार देर रात को अंजाम दिया गया है। शनिवार सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे तो शटर टूटे मिले और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पहली वारदात हिसार रोड पर स्थित पंजाब स्टील स्टोर में हुई। दुकान मालिक जतिन और आशु ने बताया कि वे रोजाना की तरह रात को दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह आकर देखा तो दुकान का शटर टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो गल्ले से करीब 1100 रुपये की नकदी गायब थी। उन्होंने बताया कि चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। दुकान में अन्य सामान को भी खंगाला गया, लेकिन चोर केवल नकदी ही ले गए। दूसरी घटना नजदीक ही स्थित बजरंग मशीनरी स्टोर में हुई। दुकान मालिक प्रमोद बंसल ने बताया कि रात के समय अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का शटर तोड़ दिया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर क्षतिग्रस्त मिला और गल्ले से करीब साढ़े 11 हजार रुपये की नकदी गायब थी। दुकान के अंदर सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था।

---

आयोजन | प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर दिया भक्ति रस का परिचय

# भगवान की लीलाएं केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा : साध्वी शांति पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ढाणी गोपाल गांव में बाबा हरनाम गिरी जी डेरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। कथावाचक साध्वी शांति पुरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े विभिन्न प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

साध्वी शांति पुरी महाराज ने कंस उद्धार, कुबजा उद्धार, अक्रूर द्वारा श्रीकृष्ण व बलराम को मथुरा लाने तथा उद्धव को गोपियों के पास श्रीकृष्ण का संदेश लेकर भेजने जैसे प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा हैं। कंस उद्धार प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि अधर्म और अहंकार का अंत निश्चित है, जबकि कुबजा उद्धार प्रसंग से यह संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धा से भगवान का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर धारसूल डेरा एवं गौशाला प्रमुख श्री श्री 1008 संत पुरी जी, जूना अखाड़ा, विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए और कथा श्रवण कर आशीर्वाद दिया।


महेंद्रगढ़। प्रवचन करतीं साध्वी शांति पुरी। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे उपस्थित

छठे दिन की पूजा में जजमान के रूप में राजमल बिडासरा, दयानन्द सोनी, राजेन्द्र गोदारा व विनोद सोनी ढाणी सांचला ने विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी चौधरी बलबीर सिंह गोदारा, सरपंच श्रीमती रेशमा गोदारा, डेरा प्रमुख शुकरानी गिरी, रामकुमार गोदारा, हरिराम, रोशन लाल, ऋषिपाल शर्मा, जगदीश नंबरदार, मास्टर सुरेन्द्र खिचड़, पूर्व सरपंच हनुमान पूनिया, सुरेश फौजी, रामकुमार शर्मा, सुभाष गोदारा, शेर सिंह गोदारा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## खबर संक्षेप

### भजन संध्या में जमकर झूमे श्याम श्रद्धालु

**सिरसा।** प्राचीन श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन मेले के अंतर्गत एकादशी के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। मंदिर परिसर रंग-बिरंगी सजावट और भक्ति भाव से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर अबोहर से आए भजन गायक विशु गर्ग एवं मनीष यूजिकल ग्रुप ने बाबा श्याम के श्रीचरणों में मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। जो दरबार में आया है, वो अब तुम्हारा है बाबा और श्याम के दरबार में मची रहे होली जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरा

### यूथ वीरांगना ने लगाया नि:शुल्क दंत जांच शिविर

**सिरसा।** विश्व एनजीओ दिवस के अवसर पर यूथ वीरांगना द्वारा कंगनपुर रोड पर कोटक बैंक के नज़दीक दंत जांच शिविर लगाया गया। इस कैंप में क्षेत्र के लोगों को निशुल्क दंत जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। रोजी, रीना, सुजाता, भारती, नीलम, परवीन, रेखा, सुरभि, हिमानी, निशा और पलक ने कैंप के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. प्रियंका ने लोगों को दांतों की सही देखभाल, नियमित ब्रश करने और मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। कैंप में बड़ी

### रजनी व भावना की टीम ने पाया प्रथम स्थान

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में साइंस एंड मैथ क्लब की तरफ से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इस प्रतियोगिता में चार टीमों ने बढ़ चढक़र उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक टीम में दो-दो सदस्य शामिल हुए। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता चार चरणों में आयोजित की गई। जिसमें सामान्य विज्ञान व पर्यावरण विज्ञान से

### 8 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करने और वर्तमान समय में महिलाओं के सामने खड़ी चुनौतियों पर मंथन करने के लिए 8 मार्च को पटवार भवन, फतेहाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जनवादी महिला समिति, हरियाणा की राज्य उपाध्यक्ष शकुंतला जाखड़ होंगी। यह निर्णय जनवादी महिला समिति सहित विभिन्न जन-संगठनों और कर्मचारी यूनियनों की एक संयुक्त बैठक में लिया गया, जिसकी

### महिला कॉलेज में एनएसएस शिविर आरंभ

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साप्ताहिक विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने किया। आगामी 6 मार्च तक आयोजित होने वाले इस शिविर में करीब 50 स्वयंसेविकाएं भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि सीडीएलयू के एनएसएस के समन्वयक डॉ. रोहताश ने स्वयंसेविकाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रसेवा के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक

## अधिकतर मरीज तेज बुखार, बदन दर्द, जुकाम व खांसी के शिकार

# दिन-रात के तापमान में 15 डिग्री का अंतर, वायरल के मरीजों में बढ़ोत्तरी

**दो-तीन दिन से अधिक बुखार बना रहे तो मरीज तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में मौसम में हुए बदलाव के चलते सीजनल वायरल फीवर का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। दिन और रात के तापमान में करीब 15 डिग्री तक का अंतर होने के कारण लोगों की सेहत पर इसका असर पड़ रहा है। शनिवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। सामान्य अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से ओपीडी में मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इनमें से अधिकतर मरीज वायरल इंफेक्शन से पीड़ित पाए गए हैं। बच्चों और बुजुर्गों में यह संक्रमण अधिक प्रभाव डाल रहा है।




### मरीजों को सलाह, नियमित रूप से ले दवाएं, न बरते लापरवाही

डॉ. गुंजन बंसल ने बताया कि दिन में तेज धूप और सुबह-शाम ठंड के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है। वर्तमान में दिन का तापमान लगभग 30 डिग्री और रात्रि तापमान 14 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। इस तापमान अंतर के कारण वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है। उन्होंने सलाह दी कि जिन मरीजों का इलाज चल रहा है, वे नियमित रूप से दवाएं लेते रहें और लापरवाही न बरतें।

### मरीजों को ये हो रही है परेशानियां

अस्पतालों में आने वाले अधिकांश मरीज तेज बुखार, बदन दर्द, जुकाम, खांसी, सिरदर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार सामान्य तौर पर सीजनल फीवर तीन से चार दिनों में ठीक हो जाता है, लेकिन इस बार संक्रमण का असर लंबे समय तक देखने को मिल रहा है।

### घबराएं नहीं चिकित्सक से लें इलाज : एसएमओ

स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डॉ. बुधराम ने लोगों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं है, किसी को दो से तीन दिन से अधिक बुखार बना रहे तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने कहा कि सीजनल फीवर को हल्के में लेना कई बार नुकसानदायक हो सकता है।

### अभी बारिश की कोई संभावना नहीं

प्रदेश में मौसम आमतौर पर 4 मार्च तक खुश्क और परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान दो पश्चिमी विक्षोभ आएंगे परंतु दोनों ही कमजोर है जिसके कारण बारिश की ज्यादा संभावना नहीं बन रही है। इस दौरान पहले पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से एक मार्च को राज्य में कहीं-कहीं आंशिक बादल तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चल सकती है। दूसरे पश्चिमीविक्षोभ के 3 मार्च रात्रि को आने की संभावना है जिसके आंशिक प्रभाव से 4 मार्च को मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान बीच बीच में हवाओं में बदलाव आने की संभावना है। इस दौरान तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

-डॉ. मदन खीचड़, एचएयू हिसार

## गुडियाखेड़ा स्कूल ने हासिल किया प्रदेश में द्वितीय स्थान



सिरसा। गुडियाखेड़ा विद्यालय विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

- राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद ने आयोजित की थी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के तत्वाधान में आयोजित की गई युवा ग्राम पंचायत में गुडियाखेड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। नरेश ढुकड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की भूमिका निभाने का काम किया था। जिसमें ग्राम पंचायत ग्राम सभा मे ग्रामीणों के अधिकार व कर्तव्य व अधिकारियों के साथ कार्य करने में तालमेल की प्रस्तुति दी थी। इस प्रतियोगिता की तैयारी प्राचार्य उमेद सिंह ढाका के मार्गदर्शन में इतिहास प्रवक्ता संतलाल व प्रवक्ता रूपेश कुमार के साथ स्टाफ सदस्यों की भूमिका रही। उल्लेखनीय है की गुडियाखेड़ा विद्यालय ने इस प्रतियोगिता मे खंड स्तर, जिला स्तर, व हिसार कमिश्नर स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया था। विद्यालय के इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं व नाथुसरी चौपटा के खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्राचार्य उमेद सिंह ढाका विद्यालय के स्टाफ सदस्यों विद्यार्थियों व गांववासियों को देते हुए कहा कि प्राचार्य ढाका प्रत्येक कार्य को बहुत ही लग्न व मेहनत से करते हैं।

### इन्होंने दी बधाई


गुडिया खेड़ा विद्यालय द्वारा प्रदेश स्तरीय उपलब्धि हासिल करने पर प्राचार्य राजेश मल्होत्रा, प्राचार्य प्रताप सिंह, प्राचार्य मोना पुरी, प्राचार्य शीशपाल जाखड़, प्राचार्य राजेश बाना, प्रवक्ता सतपाल पारीक, प्राचार्य भूप सिंह सिहाग, प्रवक्ता सुरेश शर्मा, प्रवक्ता जगदीश बराच, प्रवक्ता हेमराज, प्राचार्य देवीलाल सहारन, प्राचार्य सुरेश पूनिया, प्रवक्ता पवन गोरछिया, प्रवक्ता कुलदीप दलाल सहित अनेक गणमान्य जनों ने विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

## सांसद बराला ने सुनी जनसमस्याएं अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश

- सांसद आवास पर लोगों ने रखी बिजली,पानी, सड़क, सीवरेज, पेंशन, राशन कार्ड व राजस्व संबंधी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शनिवार को अपने आवास पर क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सांसद के समक्ष बिजली, पानी, सडक़, सीवरेज, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पारिवारिक पहचान पत्र तथा अन्य विभागीय मामलों से जुड़ी समस्याएं रखीं। सांसद नें में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से समाधान की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी



टोहाना। लोगों की समस्याएं सुनते सांसद सुभाष बराला।

प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, किसान सम्मान निधि तथा राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए।

### कार्यकारी अभियंता को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में कार्यकारी अभियंता राकेश कुमार गोदारा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उनकी साढ़े तीन दशक से अधिक की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि राकेश गोदारा ने विश्वविद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, रख-रखाव व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा प्रशासनिक समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर गोदारा को शॉल ओढाकर व राकेश गोदारा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

## क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों ने होली पर दिया प्रेम सौहार्द व भाईचारे का संदेश

- छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा अभिभावकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में होली का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय द्वारा अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया, जिससे पूरा वातावरण पारिवारिक स्नेह, अपनत्व एवं एकजुटता की भावना से महक उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलक लगाकर अभिभावकों के स्वागत से हुआ, जिसने भारतीय संस्कृति की सुंदर परंपरा को जीवंत कर दिया। विभिन्न कक्षाओं के



फतेहाबाद। होली उत्सव कार्यक्रम में भाग लेते बच्चों के अभिभावक।

अभिभावकों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। नर्सरी, जेकेजी, एसकेजी, प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए मनोरंजक खेलों एवं आकर्षक रैम्प वॉक का आयोजन किया गया। होली पहेली प्रतियोगिता, कपल डांस एवं समूह नृत्य जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे परिधानों, मधुर संगीत एवं हंसी-खुशी से गूंज उठा। प्रधानाचार्या ने अभिभावकों, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए होली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



सिरसा। नेशनल कॉलेज के नए प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह का स्वागत करते हुए।

### डॉ. शत्रुजीत सिंह बने राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य

**सिरसा।** डॉ. शत्रुजीत सिंह ने शनिवार को राजकीय नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्य का कार्यभार विधिवत रूप से संभाल लिया है। शनिवार को महाविद्यालय पहुंचने पर कॉलेज परिवार द्वारा उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी ड्रम की ताल के साथ नए प्राचार्य का अभिनंदन किया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. रमेश सोनी ने बताया कि पूर्व प्राचार्य डॉ. हरजिंद्र सिंह की सेवानिवृत्ति के पश्चात प्राचार्य का पद रिक्त था और डॉ. अनिता मडिया कार्यकारी प्राचार्या के रूप में कार्यभार संभाल रही थीं। अब उच्चतर शिक्षा विभाग ने डॉ. शत्रुजीत सिंह की बेहतरीन योग्यता और लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण संस्थान के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी है। उल्लेखनीय है कि डॉ. शत्रुजीत सिंह को उच्चतर शिक्षा विभाग में 25 वर्षों का उत्कृष्ट अनुभव है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने कार्यशील मॉडल बनाकर दिखाया वैज्ञानिक कौशल

- प्रदर्शनी में छात्रों ने जेट इंजन, विद्युत ऊर्जा जैसे मॉडल बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला के गांव भरोखां स्थित संगम स्कूल में शनिवार को महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर विज्ञान के रंग में रंगा नजर आया और विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने जेट इंजन, वाटर कूलर, पिनहोल कैमरा, फैक्ट्री वेस्ट पॉल्यूशन



सिरसा। विद्यार्थी मॉडल प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कंट्रोल, विद्युत ऊर्जा की बचत तथा वायु ऊर्जा से संचालित पवन चक्की जैसे अनेक आकर्षक और कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान अध्यापिका भारती मोंगा, पूनम मेहता एवं तनिषा कंबोज ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी भी दी, जिससे उपस्थितजनों को विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को समझने का अवसर मिला।

## चढ़ावा न देने पर रजिस्ट्री कार्यों को रोकते है तहसीलदार: मंदीप

- किसान नेता नथवान ने रतिया तहसीलदार पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने रतिया के तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार से तहसीलदार की विजीलेंस जांच करवाने की मांग की है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनदीप नथवान ने कहा कि तहसीलदार बगैर भ्रष्टाचार के कोई कार्य नहीं करते। चढ़ावा न चढ़ाने पर लोगों की रजिस्टरों से संबंधित कार्यों को रोक दिया जाता है और



मनदीप नथवान

दलालों के मार्फत पैसे इक्ट्ठे किए जाते हैं। किसान नेता ने कहा कि अगर प्रशासन व सरकार ने तहसीलदार के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई न की तो वह लोग तहसील कार्यालय का घेराव करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मनदीप सिंह ने लोगों से अपील की है कि जिन लोगों से रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों के लिए तहसीलदार या उनके दलालों ने रिश्वत लिया वह लोग उनकी किसान संघर्ष समिति से संपर्क करें उन लोगों के वह पैसे उन्हें वापस दिलाए जाएंगे।

## विदेश भेजने का झांसा देकर ठग रहे पैसा और जान : एसपी

- रूस में भारतीय युवकों को झांसे में लेकर युद्ध क्षेत्र में भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील की है कि वे विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर की जा रही ठगी से पूरी तरह सतर्क रहें। उनका कहना है कि हाल के दिनों में इस तरह के मामलों में तेज़ी से वृद्धि हुई है, जिनमें भोले-भाले युवाओं को लुभावने ऑफर देकर न केवल आर्थिक रूप से ठगा जा रहा है, बल्कि कुछ मामलों में उन्हें जानलेवा परिस्थितियों में धकेल दिया गया है। हाल ही में रूस से सामने आए एक गंभीर मामले में भारतीय युवाओं को नौकरी के झांसे



एसपी सिद्धांत जैन।

में लेकर अवैध रूप से युद्ध क्षेत्र में भेजा गया। यह घटना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि इससे जुड़े परिवारों को गंभीर मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा है कि किसी भी अज्ञात एजेंट, दलाल या ऑनलाइन विज्ञापन पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। जिस भी एजेंसी से संपर्क किया जाए, उसकी प्रामाणिकता की जांच ज़रूर करें और यह सुनिश्चित करें कि वह भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से मान्यता प्राप्त हो।

### फाल्गुन मास की एकादशी पर श्याम बगीची धाम में भजन संध्या का आयोजन

## फाल्गुन आयो रे चलो श्याम के द्वारे भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**मंदिर परिसर में निकाली शोभा यात्रा व श्यामप्रेमियों ने खेली फूलों की होली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से फाल्गुन मास की एकादशी पर शुक्रवार रात को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। साथ ही श्यामप्रेमियों ने फूलों की होली खेली। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि एकादशी पर सुबह मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि फूलों से सुसज्जित रथ में विराजमान बाबा श्याम ने नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा के मंदिर परिसर से चलकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों व गुलाल के साथ होली खेली।



सिरसा। बाबा श्याम का भव्य रुप से सजा दरबार तथा भजनों की प्रस्तुति देते हुए भजन गायक। फोटो : हरिभूमि

### भजन संध्या पर कलाकारों ने मोहा मन

इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने बाबा कर दो बेड़ा पार मैं खाटू आउंगा, भर दे श्याम झोली भर दे, किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, चाकर राख ले सांवरिया तेरा बहोत बड़ो दरबार सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक अनिल शर्मा ने भजन- सारे दुख हमारे दूर हो गए जब से बगीची वाले के हो गए, बाबा श्याम गो दरबार मर्ण भावै प्रस्तुत किया। नगर पार्षद सुमन शर्मा ने भजन- राधा रानी कृपा कीजिए प्रस्तुत किया। इसके बाद भजन गायक दीपक नागपाल ने भजन- फाल्गुन आयो रे चलो श्याम के द्वारे, मेरा सांवरिया आएगा देखेगी दुनिया सारी, साथी हमारा कोन बनेगा तुम ना सुनोगे तो कोन सुनेगा, आ गया दर पे तेरे सुनवाई हो जाए, हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा, मेरी झोपड़ी मेरे श्याम ने बनावाई सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।